महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

## श्रद्धांजलि नहीं चर्चा सत्र के लिए मांगी अनुमति, विश्वविद्यालय ने स्पष्ट मना किया

वर्धा, 01फरवरी 2024: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में गांधीजी की पुण्यतिथि के दिन 30 जनवरी को विश्वविद्यालय द्वारा पूर्वाह्न 11:00 बजे गांधी हिल्स पर पुष्पांजलि, प्रार्थना और मौनधारण का आयोजन कर शहीद दिवस पर गांधीजी को अभिवादन किया गया। इस कार्यक्रम में शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को भी कुलसचिव कार्यालय द्वारा जारी सूचना के माध्यम से आमंत्रित किया गया था। इस दौरान शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित न रहकर कुछ छात्रों ने कुलसचिव को 29 जनवरी को एक पत्र देकर सायं 06:00 बजे चर्चा-परिचर्चा कार्यकम का आयोजन करने की सूचना दी थी। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से 11:00 बजे ही शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर चुका था और सूर्यास्त के बाद सायं 06:00 बजे श्रद्धांजलि अर्पित करने का कोई औचित्य नहीं बनता था। विद्यार्थियों के पत्र पर कुलसचिव महोदय ने 'विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में शामिल हो' लिखकर उन्हें आमंत्रित किया था। परंतु कार्यक्रम की गंभीरता को नजर अंदाज कर अनुमति न होते हुए भी कुछ विद्यार्थी गांधी हिल्स पर एकत्रित हुए। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि विद्यार्थी गांधी हिल्स पर महात्मा गांधीजी की प्रतिमा के पास चर्चा-परिचर्चा कार्यकम न करते हुए अलग से गांधीजी का छोटा सा फोटो लेकर जमा हुए। यह कृत्य विश्वविद्यालय की छवि को धूमिल करने वाला प्रतीत होता है और यह उन विद्यार्थियों की मंशा पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। यदि विद्यार्थी 11:00 बजे के कार्यक्रम में शामिल होते तो उन्हें 06:00 बजे के कार्यक्रम के लिए अलग से अनुमति की जरूरत ही नहीं होती। विश्वविद्यालय में गांधीजी को श्रद्धांजलि देने से कोई रोक नहीं थी। विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के आयोजन से मुंह फेरकर शाम को सभा आयोजित करने के पीछे आखिर क्या उद्देश था? अमुमन श्रद्धांजलि के कार्यक्रम दिन में ही आयोजित करने की व्यवस्था रही है, जिसे तोडकर 06:00 बजे सभा की जा रही थी।

## श्रद्धांजली नव्हे तर चर्चा सत्रासाठी मागितली परवानगी, विश्वविद्यालयाने दिला स्पष्ट नकार

वर्धा, 01 फेब्रुवारी 2024: महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात 30 जानेवारी रोजी गांधीजींच्या पुण्यतिथीनिमित्त विश्वविद्यालयाने गांधी हिल्सवर सकाळी 11:00 वाजता पुष्पांजली, प्रार्थना आणि मौन सभा आयोजित करून गांधीजींना शहीद दिनानिमित्त अभिवादन केले. कुलसचिव कार्यालयाने जारी केलेल्या सुचनेनुसार विद्यार्थ्यांनाही या कार्यक्रमासाठी आमंत्रित करण्यात आले होते. यावेळी शोधार्थी व विद्यार्थी मोठ्या संख्येने उपस्थितही होते. सदर कार्यक्रमाला उपस्थित न राहता काही विद्यार्थ्यांनी 29 जानेवारी रोजी कुलसचिवांना सायंकाळी 6 वाजता चर्चा कार्यक्रम आयोजित करण्याबाबत पत्र दिले होते. विश्वविद्यालय प्रशासनाने यापूर्वीच शहीद दिनानिमित्त सकाळी 11 वाजता श्रद्धांजली कार्यक्रमाचे आयोजन केले होते आणि संध्याकाळी 06:00 वाजता सूर्यास्तानंतर श्रद्धांजली वाहण्याचे कोणतेही औचित्य नव्हते. विद्यार्थ्यांच्या पत्रावर कुलसचिवांनी 'विश्वविद्यालयाच्या कार्यक्रमात सहभागी व्हा' असे लिहून निमंत्रित केले होते. मात्र कार्यक्रमाच्या गांभीर्याकडे दुर्लक्ष करून काही विद्यार्थी परवानगी नसतानाही गांधी हिल्स येथे जमले. विश्वविद्यालय प्रशासनाचे म्हणणे आहे की, विद्यार्थी गांधी हिल्सवरील महात्मा गांधींच्या पुतळ्याजवळ कोणताही चर्चा कार्यक्रम न करता इतरत्र गांधीजींचा छोटासा फोटो लावला व तेथे जमा झाले. या कृतीमुळे विश्वविद्यालयाची प्रतिमा मलिन होत असून त्या विद्यार्थ्यांच्या हेतूवरही प्रश्नचिन्ह निर्माण होत आहे. जर विद्यार्थ्यांनी सकाळी 11:00 च्या कार्यक्रमाला हजेरी लावली असती, तर त्यांना संध्याकाळी 06:00 च्या कार्यक्रमासाठी वेगळी परवानगीची आवश्यकता नव्हती. विश्वविद्यालयात गांधीजींना आदरांजली वाहण्यावर कोणतेही बंधन नव्हते. विद्यार्थ्यांनी विश्वविद्यालयाच्या कार्यक्रमाकडे पाठ फिरवून संध्याकाळी सभा आयोजित करण्यामागे काय हेतू होता? साधारणत: दिवसभरातच श्रद्धांजली कार्यक्रम आयोजित करण्याची प्रथा आहे. त्याकडे दुर्लक्ष करून 06:00 वाजता सभा आयोजित करण्यात आली होती.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305